दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-12, अंक-223 रविवार 13 अगस्त, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# अग्रवाल कॉलेज में मनाया पुस्तकालय दिवस

बल्लबगढ़, 12 अगस्त, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। शनिवार को अग्रवाल कॉलेज में पुस्तकालय दिवस मनाया गया। गौरतलब है कि संपूर्ण राष्ट्र आज फादर ऑफ लाइब्रेरी साइंस पद्मश्री डॉ. एस आर रंगानाथन के जन्मदिवस को अंतराष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के लर्निंग रिसोर्स सेंटर में



पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें देश विदेश के जाने माने साहित्य पुरस्कार विजेता लेखकों की पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। लाइब्रेरियन डॉ. राम चंद ने विद्यार्थियों को लाइब्रेरी में उपलब्ध अखबार, मैगजीन, ग्रंथ के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से लाइब्रेरी में उपस्थित होकर साहित्य पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मैडम कमल टंडन, डॉ. के.एल. कौशिक, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. पूजा सैनी, डॉ. सुप्रिया, सुभाष कैलोरिया मौजूद रहे।